## महत्वपूर्ण एवं खास

### थाने में युवक ने ब्लेड से खुद के गले पर कर लिया वार

**महासमुंद (आरएनएस)।** दो दिन पहले लापता हुआ युवक शुक्रवार को वापस घर लौट आया। पुत्र के लौटने के बाद पिता उसे थाने लेकर पहुंचे और पुलिस को पुत्र के मिलने की जानकारी दी। कोतवाली पुलिस पहले से कायम गुम इंसान रिपोर्ट पर दस्तायाब की कार्रवाई कर रही थी, तभी युवक ने साथ में लाए ब्लेड से खुद के गले पर वार कर लिया। आनन-फानन पुलिस युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अगस्त को बेमचा निवासी आकाश चंद्राकर घर से बिना बताए कहीं चला गया था। आकाश के पिता अशोक चंद्राकर ने दूसरे दिन कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही थी, तभी युवक ने ब्लेड से अपने गले पर वार किया। घटना के तत्काल बाद पुलिस और युवक के परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी नारद सूर्यवंशी भी जिला अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद नायब तहसीलदार देवेंद्र नेताम पहुंचे और युवक का बयान लिया।

### करेंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**भिलाई (आरएनएस)।** बीएसपी में फिर हादसा हो गया। क्रेन में वेल्डिंग के दौरान ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। श्रमिक बीबीएम बिलेट यार्ड में वेल्डिंग का काम कर रह था। इसी दौरान वो हाई करंट की चपेट में आ गया। श्रमिक का नाम मोहम्मद मुस्ताक था। करंट की चपेट में आने के बाद तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद प्रशासन घटना की जांच में जुट गया है। गौरतलब जून माह में भी प्लांट में बड़ा हादसा हो गया था। ब्लास्ट फर्नेस 7 के पीछे एमएसडीएस 2 में इलेक्ट्रॉनिक फ्लैश की चपेट में आकर तीन कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए थे। जिन्हें बीएसपी मेन मेडिकल पोस्ट में प्राथमिक उपचार देकर सेक्टर 9 अस्पताल रवाना किया गया। भिलाई स्टील प्लांट में इलेक्ट्रॉनिक फ्लैश की चपेट में आए तीनों कर्मी लगभग 50 फीसदी जल गए थे ।

### डाक सेवक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्रामीण डाक सेवक के पद पर नौकरी लगाने झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी। मिली जानकारी के अनुसार आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी हरिश कुमार सारवा 40 वर्ष पिता रंजन सारवा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि हरिओम हार्डवेयर दुकान न्यू राजेंद्र नगर नारद प्रसाद नागवंशी 58 वर्ष पिता स्व. सुन्नाराम नागवंशी ने डाक सेवक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर एक अक्टूबर 2017 से 30 नवंबर 2017 के मध्य प्रार्थी से 1 लाख 50 हजार रुपये ले लिया व नौकरी लगाने के नाम पर गुमराह करता रहा। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत ठगी का मामला दर्ज कर अपराध कायम कर लिया है।

### नाबालिग लड़की को अकेला पाकर लिपिक ने किया छेड़छाड़ ,गिरफ्तार

**कवर्धा (आरएनएस)।** जिले के दामापुर चौकी के ग्राम दुल्लीपुर में बीति रात एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शनिवार शाम नाबालिग लड़की को घर में अकेली देख कुंडा हाईस्कूल में लिपिक आरोपी सुशील गायकवाड़ उसके मकान में घुसकर उससे छेड़छाड़ करने के साथ अश्लील बात करने लगा। इसके बाद लड़की को किसी को बताने पर जान से मारने की भी धमकी देते हुए आरोपी चला गया। रात में परिजनों के पहुंचने पर लड़की ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने आरोपी लिपिक के खिलाफ दामापुर चौकी में मामला दर्ज कराया।

### चोरी करने के नियत से एटीएम मशीन में किया तोड़फोड़, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** एसबीआई बैंक के एटीएम मशीन में घुसकर चोर ने चोरी करने की नियत से मशीन का कार्ड रीडर कैशवाल लॉकर लीवर को तोड़ दिया। घटना की रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गानगर बीरगांव निवासी रिंकु मिश्रा 27 वर्ष पिता इंद्रेश मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार की देर रात्रि समवेत शिखर कांप्लेक्स नवभारत प्रेस के पास किसी चोर ने एसबीआई बैंक के एटीएम मशीन में चोरी करने की नियत से घुसकर मशीन का कार्ड रीडर कैशवाल लॉकर लीवर को तोड़ दिया।

# हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**» कुरूद केनाल रोड की घटना, नगर में छाया मातम**

**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार की रात्रि कुरूद में एक हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों के शव को अपने कब्जे में लेकर रविवार की सुबह पोस्टमार्टम कराया और उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं नगर के युवकों की एक साथ मौत से मातम पसर गया है।



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुरूद पचरीपारा के युवक सुफल पिता गजानंद ध्रुव 22 वर्ष, संजू पिता रामसिंग ध्रुव 21 वर्ष एवं उनके अन्य साथी करेली बड़ी निवासी प्रदीप पिता सतीश साहू 26 वर्ष शनिवार की रात्रि करीब 9 बजे कुरूद-चर्रा मार्ग के पास स्थित शराब भट्टी की ओर से हीरो एचएफ मोटरसाइकिल क्रं. सीजी 05 एबी 5969 से केनाल रोड होते हुए नगर की तरफ आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा की ओर जा रही तेज रफ्तार खाली हाइवा सीजी 04 जेडी 6697 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को अपनी चपेट में ले लिया। कॉलेज के पास हुई इस हादसे में दो युवक सुफल ध्रुव एवं प्रदीप साहू की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं एक अन्य युवक संजू ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे 108 की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था रविवार सुबह ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इस तरह तीनों युवकों की दुर्घटना में जान चली गई। हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़ फरार हो गया है। सूचना मिलते ही टीआई बिपीन लकड़ा, एएसआई कमिलचंद सोरी, टीआर साहू मौके पर पहुंचे और रोड में बिखरे शव को अपने कब्जे में लेकर चीरघर लाये। जहां रविवार को पीएम करा शव उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही फरार चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस पतासाजी कर रही है। दूसरी ओर पचरीपारा के दो युवकों व नगर के एक हॉटल में काम करने वाले उनके मित्र करेली बड़ी के प्रदीप की मौत से मोहल्ले सहित कुरूद में मातम छा गया है।

## 8 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर ने किया आत्म समर्पण

**जगदलपुर (आरएनएस)।** दंतेवाड़ा जिला पुलिस समक्ष आज 8 लाख के ईनामी नक्सली डिप्टी कमांडर मुचाकी बुदरा ने दंतेवाड़ा जिला पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि माओवादियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत संचालित किए जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग आमचो बस्तर, आमचो पुलिस कार्यक्रमों के दौरान छग शासन की पुर्नवास नीति के तहत आत्मसमर्पित को मिलने वाले लाभों के संबंध में क्षेत्र में किए जा रहे प्रचार-प्रसार एवं माओवादियों के बहकावे में आकर भटके युवक, युवतियों को समाज के मुख्यधारा से जुड़ने हेतु की जा रही अपील से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के खोखली विचार धाराओं से त्रस्त होकर बुदरा ने सरेंडर किया है।

उन्होंने बताया कि बुदरा 2007 से नक्सली संगठन में सदस्य के रूप में शामिल था जो 2008 में मतदान पेटी व हथियार लूटने की घटना में शामिल था। एक ग्रामीण को घर से निकालकर मारपीट व लूटपाट करने की घटना में शामिल था।

## नक्सल ऑपरेशन को लेकर मुख्यमंत्री निवास में बैठक संपन्न

**» कल नई दिल्ली में नक्सल प्रभावित राज्यों के सीएम की बैठक लेंगे अमित शाह**

**» मुख्य सचिव के साथ डीजीपी और पीएचक्यू के आला अफसर हुए शामिल**

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल नई दिल्ली में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेने वाले हैं। इधर दिल्ली रवाना होने के पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज डीजीपी सहित पुलिस विभाग के तमाम आला अफसरों की एक बैठक लेकर राज्य में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के संबंध में जानकारी ली है।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने सिविल लाईन स्थित आवास में प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस प्रमुख डीजीपी डीएम अवस्थी, पीएचक्यू के आला अफसरों के साथ ही नक्सल ऑपरेशन से जुड़े अफसरों की एक बैठक ली है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री बघेल ने वर्तमान में प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में चलाए जा रहे ऑपरेशन की जानकारी के साथ ही अब तक हुए नक्सल ऑपरेशन में मारे गए नक्सलियों की संख्या, आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़े पूर्व नक्सलियों की जानकारी ली है। इसके अलावा सीएम बघेल ने माओवाद के खिलाफ चलाए जा रहे ज्वाइंट ऑपरेशन, प्रदेश में पदस्थ सुरक्षाबलों की जानकारी आदि की बिंदुवार समीक्षा करते हुए पूर्ण जानकारी ली है।

## नक्सली कैम्प ध्वस्त, गोला बारूद एवं नक्सली सामग्री बरामद

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कल देर शाम पुलिस ने उड़ीसा सीमा पर स्थित नक्सली केम्प में धावा बोलकर केम्प ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में गोला बारूद एवं नक्सली सामान बरामद किया है। आईजी विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि नक्सलियों के जमावड़े की सूचना पर पुसपाल थाना से डीआरजी की टीम, थाना दरभा व ओड़िशा के मलकानगिरी जिले के सीमावर्ती ग्राम कुम्मासकोलेंग, चांदामेटा, किरमिटी, मुंडवाल की ओर रवाना की गयी थी।



अभियान के दौरान चांदामेटा के पटनमपारा से 1 किमी पहले नक्सलियों का कैंप दिखाई दिया। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कैम्प की घेराबंदी शुरू कर दी। भारी संख्या में जवानों को देखकर नक्सलियों ने भागने में अपनी भलाई समझी और कैंप छोड़कर जंगल की आड़ लेते हुए भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कैंप को ध्वस्त कर दिया।

घटनास्थल से बैनर, पोस्टर, दवाईयां, गोला-बारूद, डेटोनेटर, बिजली के तार, बैटरी, पिट्ठू, दैनिक उपयोग की सामग्रियां तथा नक्सली साहित्य का जखीरा बरामद किया गया है।

## नौ साल बाद हीराखंड एक्सप्रेस में जुड़ेंगे दो और कोच

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जगदलपुर को ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर से जोड़ने वाली हीराखंड एक्सप्रेस ट्रेन में दो नए कोच जुड़ जाएंगे। ट्रेन में एक एसी और एक स्लीपर कोच जोड़ने का फैसला रेलवे ने किया है। अभी यह गाड़ी जगदलपुर से भुवनेश्वर के बीच 12 कोच के साथ दौड़ती है। इसका कोच संयोजन दो एसएलआर, दो एसी, पांच स्लीपर और तीन जनरल डिब्बों का है। एक एसी और एक स्लीपर कोच जुड़ने के बाद ट्रेन 14 डिब्बों की हो जाएगी जिसमें स्लीपर कोच की संख्या छह और एसी कोच की संख्या बढ़कर तीन हो जाएगी। ज्ञात हो कि हीराखंड एक्सप्रेस पहले कोरापुट से भुवनेश्वर के बीच चलती थी। 19 दिसंबर 2010 को इसका विस्तार जगदलपुर तक किया गया। शुरूआत से यह गाड़ी 12 डिब्बों के साथ दौड़ रही है। 12 से 14 डिब्बों की ट्रेन



बनाने में नौ साल का लंबा समय लग गया। हीराखंड एक्सप्रेस में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्लीपर और एसी कोच की संख्या बढ़ाने से यात्रियों को सीट मिलने में ज्यादा आसानी होगी।

## दंतेवाड़ा में 23 सितंबर को होगा उपचुनाव के लिए मतदान


**» चित्रकोट के लिए अभी तिथि की घोषणा नहीं**

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय चुनाव में राज्य में होने वाले उपचुनाव के लिए कार्यक्रम तय कर दिया है। केन्द्रीय चुनाव आयोग से जारी उपचुनाव कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव का गजट नोटिफिकेशन 28 अगस्त को जारी हो जाएगा। वहीं 04 सितंबर को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन होगा, 05 सितंबर को नामांकनों की छंटनी होगी और नाम वापसी के लिए 07 सितंबर अंतिम तिथि होगा। इसके बाद 23 सितंबर को मतदान होगा और 27 सितंबर को मतगणना होगी।

केन्द्रीय चुनाव आयोग ने राज्य के दंतेवाड़ा विधानसभा चुनाव की तारीख तय कर दी है लेकिन इसमें चित्रकोट विधानसभा का उल्लेख नहीं किया गया है। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा केरला, त्रिपुरा और उत्तरप्रदेश के लिए भी उपचुनाव की तिथियां घोषित कर दी गई हैं।

## सीएम भूपेश बघेल ने दिया दुर्ग-बलरामपुर जिले के दो जल परियोजना के लिए 92.84 करोड़ की सौगात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के दुर्ग और बलरामपुर जिले के दो जल परियोजनाओं के निर्माण और मरम्मत कार्य के लिए 92 करोड़ 84 लाख 75 हजार रूपए की स्वीकृति दे दी है। इन परियोजनाओं के निर्माण से 7202 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी इससे लाखों किसानों का भी भला होगा तथा उनकी



सिंचाई की चिंता दूर हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेशानुसार बलरामपुर जिले के गागर फीडर जलाशय योजना के लिए 87 करोड़ 32 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

योजना के निर्माण से 4009 हेक्टेयर खरीफ और 1655 हेक्टेयर रबी कुल 5664 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो सकेगी। दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन के भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना के मरम्मत एवं उन्नयन कार्य के लिए पांच करोड़ 51 लाख 76 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है। योजना के पूरा होने से 1538 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इन योजनाओं के प्रारंभ होने के बाद बलरामपुर और दुर्ग जिले के लाखों किसानों के माथों पर प्रतिवर्ष सिंचाई की जो चिंताएं उभरा करती थी अब वो हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

## अनन्या पांडे की एक्टिंग से खुश डायरेक्टर ने दिया 500 रुपये इनाम

स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से डेब्यू के बाद अनन्या पांडे इन दिनों कार्तिक आर्यन के साथ अपनी दूसरी फिल्म पति पत्नी और वो की शूटिंग में बिज़ी हैं। ऐसा लग रहा है कि अनन्या की ऐक्टिंग से डायरेक्टर काफी इम्प्रेस हो गए हैं।

अनन्या ने बताया कि वह किसी सीन की शूटिंग कर रही थीं जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन भी थे और इस सीन में ऐक्ट्रेस का एक भी डायलॉग नहीं था। उन्होंने कहा, कार्तिक जो भी इस सीन में कह रहे थे मुझे उसपर बस रिऐक्ट करना था, जो कि अक्सर शूटिंग का मुश्किल हिस्सा होता है। शॉट खत्म होने के बाद हम सभी काफी एक्साइटेड थे क्योंकि मुदस्सर सर ने इस सीन की तारीफ की और हम सभी अपने-




अपने काम में लग गए। उसी दिन वह मेरे पास आए और मुझे 500 रुपए दिए और कहा कि उन्हें मेरा शॉट काफी पसंद आया।

हालांकि, इस शूटिंग के दौरान कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे के रोमांस की खबरें भी काफी सुनने को मिली हैं। वैसे, दोनों कई बार कह चुके हैं कि उनके बीच ऐसा कुछ भी नहीं और वे केवल अच्छे दोस्त हैं। इस फिल्म में अनन्या और कार्तिक के अलावा भूमि पेडनेकर भी हैं।

बता दें कि ये सितारे पिछलें कुछ समय से लखनऊ में शूटिंग में व्यस्त थे, इसके बाद पिछले सप्ताह अपने घर लौटी हैं। अनन्या ने कहा, मैं अपने पापा से मिली और हम 45 दिनों के बाद साथ बैठकर खाना खाया। काश कि मैं अपनी फैमिली को हर जगह साथ लेकर जा सकूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकती।

## झांझरिया गाने के लिए करिश्मा कपूर ने बदले थे 30 बार कपड़े



अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने एक टीवी शो की शूटिंग के दौरान अपने फिल्मी करियर की एक अजब बात साझा की है. उनका कहना है कि 1996 में आई फिल्म कृष्णा के हिट गाने झांझरिया के लिए उन्होंने 30 परिधान बदले थे.

करिश्मा ने कहा, इस गीत में पुरुष और महिला के दो हिस्से/वर्जन थे. पुरुष वाले हिस्से को 50 डिग्री की गर्मी में रेगिस्तान में शूट किया गया था, जबकि महिला वाले हिस्से को मुंबई में तीन से अधिक दिनों में शूट किया गया. रेगिस्तान में शूटिंग करते समय कलाकारों को रेत पर डांस करना पड़ता था. इस समय रेत हमारी आंखों में उड़ती रही, जिससे गाने को शूट करना बहुत मुश्किल था. उन्होंने कहा, जब हमने महिला वाले हिस्से की शूटिंग शुरू की तो मैंने महसूस किया इस एक गाने के लिए मुझे 30 अलग-अलग पोशाक बदलनी पड़ी. हर लुक अलग-अलग बालों और मेकअप के साथ दिया गया था, जो काफी मुश्किल था.

## क्या खाने की जगह सलाद खाना है ठीक?



अगर आप हेल्थ कॉन्शस हैं तो कई बार खाने के बजाय सलाद ऑर्डर कर देते हैं। लेकिन क्या ऐसा करना वाकई हेल्दी है? जवाब शायद न है। ऐसा इसलिए क्योंकि बाहर मिलने वाले सलाद में कुछ चीजें एक साथ मिलाकर बस इन्हें सलाद का नाम दे दिया जाता है लेकिन ये उतने हेल्दी नहीं होते। लोगों को लगता है कि वे तो हेल्दी सलाद खा रहे हैं लेकिन यह उनकी गलतफहमी है।

**उतनी हेल्दी भी नहीं होती सलाद-** न्यूट्रिशन कंसल्टेंट स्वाति कहती हैं कि सलाद उतनी हेल्दी भी नहीं होती जितना लोग समझ लेते हैं। इसमें प्रिजर्व्ड फरूट्स, क्रीमी ड्रेसिंग इसको उतना हेल्दी नहीं रहने देते जितना लोग समझते हैं।

**सलाद खाना है अच्छा मगर...-** लोग सलाद को तवज्जो दे रहे हैं यह अच्छी बात है। हल्की पकी या कच्ची सब्जियां खाकर हम अच्छी तरह समझ सकते हैं कि हम क्या खा रहे हैं और यह हमारी सेहत पर कैसे असर डालेगा। लेकिन इसके असली स्वरूप को छेड़ना ठीक नहीं।

**खाने से रिप्लेस न करें सलाद-** बता दें कि हेल्थ एक्सपर्ट्स सलाद खाने पर जोर इसलिए देते हैं क्योंकि इनसे हमें माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और फाइबर मिलते हैं। हालांकि सिर्फ सब्जी वाली सैलड को खाने से रिप्लेस नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें प्रोटीन नहीं होता है। कई लोग अपने कंप्लीट फूड को सिर्फ वेजिटेबल सैलड से रिप्लेस कर देते हैं जो कि गलत है। इसलिए सलाद खाने का हिस्सा हो सकती है लेकिन रोजाना इसे खाने से रिप्लेस करना ठीक नहीं।

**कैसा हो आपका सलाद-** बेस्ट सलाद वही होता है जिसमें हरी सब्जियां, टमाटर, पेपर्स, खीरा, गाजर वगैरह हो। लेकिन प्लेन सलाद कोई पसंद नहीं करता इसलिए इसमें कैन्ड फरूट्स, क्रीमी ड्रेसिंग, फ्राई नूडल्स या चीज वगैरह होता है जो कि बिल्कुल अनहेल्दी है। इनमें काफी मात्रा में ऑइल, सॉल्ट, सोडियम, और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं।